FYBA

Sem II

Hindi I

Q.P. Code :04748

18/4/17
20 copies
(02 pages)

[समय: ३ घंटे] **[अंक:१००]**

Please check whether you have got the right question paper.

प्रश्न- १) निम्नलिखित अवतरणों की ससंदर्भ व्याख्या कीजिए:- **२४**

१) "और आप हैं कि इसी मूर्ख का पल्ला पकड़े हुए हैं | मारा है गरीबों को तो भूगतने दीजिए सजा | नहीं चाहिए हमें जोरावर के वोट | अब इसके वोटों के चक्कर में हरिजनों के सारे वोट तो गए ही ---- गाँव के दूसरे लोगों के वोट भी नहीं मिलेंगे | सारा हिसाब लगाकर देख लिया है मैंने, ले डूबेगा जोरावर का साथ |"

अथवा

"मैंने बिसू को नहीं मारा ----- मैं बिसू को मार ही नहीं सकता | मुझे तो उसकी आखिरी इच्छा पूरी करनी है | मैं उसे पूरी करके ही रहूँगा---- चाहे जैसे भी हो, जो भी हो |"

२) "अनूप शहर में जब उन्हें विष दिया गया, तो उन्होंने यौगिक क्रिया द्वारा सारा विष बाहर निकाल दिया | विष देने के अपराध में जब उस ब्राम्हण को पकड़ लिया गया, तो स्वामी दयानंद ने यह कहकर उसे मुक्त करा दिया, "मेरा ध्येय मनुष्यों को बंधन में डालना नहीं, बंधन से मुक्त कराना है |"

अथवा

"आप मेहमान हैं, इसलिए यह दूरी बरत रही है, इज्जत करने का भाव दिखा रही है,वरना यह तो आपके सर पार सवार हो जाएगी | होंगे आप अपने घर के महान | यह एक बार अगर मुँह लग गई तो किसी की महानता नहीं रखती ।"

प्रश्न-२) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए:- **३०**

१) 'राजनीति का प्रमुख उद्देश्य मात्र सत्ता की प्राप्ति ही है ।' इस विधान को 'महाभोज' उपन्यास के माध्यम से समझाइए |

अथवा

बिसेसर या बिसू का चरित्र-चित्रण कीजिए |

२) लेखक ने अस्पताल की वास्तविक परिस्थिति का पर्दाफाश कैसे किया है? प्रकाश डालिए |

अथवा

विष्णु प्रभाकरजी को 'जमनोत्री की यात्रा' में कौन-से अनुभव आये? वर्णन कीजिए |

(आगे देखिए....)

8913A891E5164E8F2A52972FFDC20FFC

प्रश्न-३) निम्नलिखित में से किसी **एक** प्रश्न का उत्तर लिखिए:- १५

१) आगजनी की घटना और बिसू की हत्या की पुलीसी जाँच पड़ताल पर प्रकाश डालिए ।

अथवा

'गप्पे हाँकना सार्थक है या निरर्थक' इसे 'गप-शप' निबंध के आधार पर स्पष्ट कीजिए ।

प्रश्न-४) निम्नलिखित विषयों पर टिप्पणियाँ लिखिए:- १६

१) विपक्षी नेता सुकुल बाबू ।

अथवा

घरेलू उद्योग योजना: एक नारा ।

२) स्वामी दयानंद और आर्य समाज ।

अथवा

'मेहमान' कहानी की पत्नी पुष्पा ।

प्रश्न-५) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** वाक्य में लिखिए:- १५

१) 'महाभोज' उपन्यास की लेखिका कौन हैं?
२) आगजनी की घटना में किसे जेल की सजा होती है?
३) किस शहर में विधान सभा का उप-चुनाव होनेवाला था?
४) उपन्यास में मुख्यमंत्री का नाम क्या है?
५) मुखमंत्री ने बिसू के पिता हीरा को कितने रुपयों का चेक दिया ?
६) मुखमंत्री का सबसे लोकप्रिय ग्रंथ कौन-सा था?
७) 'मशाल' पत्रिका के संपादक कौन हैं?
८) उपन्यास में वर्णित जमींदार का नाम क्या था?
९) संन्यास लेने के बाद मूलशंकर ने कौन-सा नया नाम अपना लिया?
१०) स्वामी दयानंद को असली गुरु के रूप में कौन मिला?
११) 'गप-शप' यह किस विधा की रचना है?
१२) गढ़वाल की लडकियाँ यात्रियों से क्या माँगती थीं?
१३) ऑपरेशन के बाद मरीज के शरीर में क्या-क्या पाया जाता है ?
१४) पुष्पा पति को बाजार से आते समय कौन सी चीजें लाने को कहती है?
१५) मेहमान कहानी किसने लिखी है?

8913A891E5164E8F2A52972FFDC20FFC